**Regarding establishment of Ethanol Plant Project in Bargarh district, Odisha**

श्री प्रदीप पुरोहित **(बारगढ़):** सभापति महोदय, मैं ओडिशा से बारगढ़ लोक सभा क्षेत्र से आता हूँ । बारगढ़ और झारसुगुड़ा जिला लोक सभा क्षेत्र में शामिल है । बारगढ़ लोक सभा क्षेत्र में किसी तरह की इंडस्ट्री नहीं थी । वह जीरो इंडस्ट्री वाला जिला था । मैं हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि जब वर्ष 2014 में उन्होंने पहली बार देश का दायित्व लिया और ओडिशा के सुपुत्र धमेन्द्र प्रधान जी पेट्रोलियम विभाग के मंत्री बने, उस समय बारगढ़ जिले में कोई इंडस्ट्री नहीं थी, वहां पर एक इथेनॉल प्रोजेक्ट की 1,557 करोड़ रुपये में शुरूआत की गई ।

यह दु:ख की बात है कि जब ओडिशा में बीजू जनता दल की सरकार चल रही थी, तो इस प्रोजेक्ट को लेट किया गया । अभी ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बनी है । ओडिशा और दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से यह मांग करना चाहता हूं कि वहां इथेनॉल प्रोजेक्ट से संबंधित जो परियोजना चल रही है, उसमें वहां के लोकल लोगों, बरगढ़ जिले के लोगों को रोजगार दिया जाना चाहिए । वहां काफी लोकल युथ्स अनइम्प्लॉयड हैं, उनको डिस्ट्रिक्ट लेवल पर इम्प्लॉयमेंट देना चाहिए । वहां किसी से भी रिश्वत लेकर नौकरी नहीं देनी चाहिए । यह मेरी डिमांड है और जल्द से जल्द उस परियोजना का काम खत्म किया जाना चाहिए ।